an>

Title : Need to sanction a special financial package for construction of embankments on rivers in Harpalpur division in Hardoi Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

डॉ. अंशुल वर्मा (हरदोई) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र हरदोई की गंभीर समस्याओं पर वित्त मंत्री जी का ध्यान आकर्षित कराते हुए अनुरोध करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र की विधान सभा सवायजपुर, गोपामऊ में वर्षा ऋतुकाल में जल भराव एवं कटान की भीषण समस्याओं से किसानों को जूझना पड़ता है जिससे हर वर्ष लाखों हेक्टेयर भूमि की फसल नष्ट हो जाती है।

मेरे विकास खंड साण्डी की पांच नदियों - नीलम गंगा, राम गंगा. गम्भीरी कुण्डा, गर्रा और गोपामऊ साण्डी विधान सभा क्षेत्र में भैंसटा नदी, सई नदी से होने वाले वार्षिक कटान व जल भराव के कारण होने वाले नुकसान को रोकने के लिए जनहित में विशेष आर्थिक पैकेज की अति आवश्यकता है। मैं आपके माध्यम से इसकी मांग करता हूं।...(व्यवधान)

बाढ़ से होने वाली क्षतिग्रस्त फसल को रोकने के लिए लगभग 25 किलोमीटर निम्नांकित नदियों के किनारे बन्धा बनाने की आवश्यकता है। ग्राम श्यामपुर व अर्जुनपुर से देहलिया के आगे तक बाढ़ रोकने के लिए बन्धा बनाया जाना एवं विकास खंड साण्डी में गर्रा नदी के किनारे ग्राम मोहद्दीपुर के पास कटान रोकने हेतु कटस्टोन लगाकर कटान रोकने के लिए बन्धा बनाना अति आवश्यक है।